याउंडे घोषणा

[स्रोत: डाउन टू अर्थ](#)

हाल ही में **याउंडे घोषणा** ने मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित किया, क्योंकि 11 अफ्रीकी देशों के स्वास्थ्य मंत्रियों ने **मलेरिया से होने वाली मौतों** को समाप्त करने का संकल्प लिया।

- **वैश्विक स्तर पर मलेरिया के मामलों की कुल संख्या वर्ष 2019 में 233 मिलियन से बढ़कर वर्ष 2022 में 249 मिलियन** हो गई।
- इस अवधि के दौरान अफ्रीका में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई, जो 233 मिलियन मामलों तक पहुँच गई।**वैश्विक मलेरिया के 94% मामले और मलेरिया से संबंधित 95% मौतें अफ्रीका में होती हैं।**
- जबकि **WHO अफ्रीका क्षेत्र में मलेरिया** के खिलाफ प्रगति रुकी हुई है, याउंड सम्मेलन में शामिल 11 अफ्रीकी देशों पर**वैश्विक मलेरिया का भार 70% से अधिक** है।
    - घोषणा का उद्देश्य स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे को मज़बूत करना, कर्मियों की क्षमता का विस्तार करना और कार्यक्रम कार्यान्वयन को बढ़ाना है। वे वित्त पोषण, अनुसंधान और नवाचार के लिये साझेदारी को बढ़ावा देना भी चाहते हैं।
- घोषणा के बावजूद **विशेषज्ञ ज़मीनी स्तर पर ठोस कार्रवाई की ज़रूरत** पर बल देते हैं। **वर्ष 2030 तक मलेरिया को नियंत्रित और समाप्त करने के अफ्रीकी संघ** के लक्ष्य में महत्त्वपूर्ण वित्तीय अंतराल का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें बुनियादी मलेरिया सेवाओं को बनाए रखने के लिये 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तथा स्वास्थ्य क्षेत्र में जलवायु अनुकूलन के लिये अतिरिक्त धन की आवश्यकता है।

और पढ़ें: [विश्व मलेरिया रिपोर्ट 2023](#), [विश्व मलेरिया दिवस](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/yaounde-declaration